# ऑनलाइन गेमिंग



आदिल को नए गेम्स ढूंढना और अपने दोस्तों को ऑनलाइन चुनौती देना बहुत पसंद है। उसे दुनिया भर के खिलाड़ियों से बातचीत करना सबसे ज़्यादा पसंद है! लेकिन इस उत्साह के साथ, आदिल यह भी सीख रहा है कि अपनी सुरक्षा बहुत ज़रूरी है।

अपने गेमिंग अकाउंट को सेट उप करते वक़्त, और गेम रूम्स में शामिल होते हुए, आदिल को सतर्क रहना होगा। उसे आपकी मदद की ज़रूरत होगी ताकि वह धोखाधड़ी से बच सके, और यह जान सके कि अगर कोई अनजान व्यक्ति उससे संपर्क करता है, तो उसे क्या करना चाहिए। चलिए, इस गेमिंग एडवेंचर में आदिल के साथ चलते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि वह ऑनलाइन सुरक्षित रहे और आत्मविश्वास के साथ खेल सके!




## ऑनलाइन गेमिंग क्या है?

ऑनलाइन गेमिंग डिजिटल खेल का ऐसा तरीका है, जो लोगों को दोस्तों से जुड़ने, मज़े करने, नए कौशल सीखने और कुछ नया जानने का मौका देता है।[1] यह ऑफलाइन गेमिंग से अलग है, जहां खिलाड़ी एक ही जगह पर खेलते हैं। ऑनलाइन गेमिंग में, खिलाड़ियों को अलग-अलग जगहों से एक-दूसरे से जुड़ने के लिए स्थिर इंटरनेट कनेक्शन की ज़रूरत होती है। यह गेम्स कंप्यूटर, कंसोल या मोबाइल फोन जैसे विभिन्न डिवाइस पर खेले जा सकते हैं। ये साधारण, आसान गेम्स या जटिल मल्टीप्लेयर गेम्स हो सकते हैं, जिनमें रोमांचक वर्चुअल दुनिया होती है। इनमें एडवेंचर, स्पोर्ट्स, स्ट्रैटेजी और रोल-प्लेइंग जैसे कई प्रकार के खेल शामिल होते हैं।

[1] eSafety Commissioner. (2024, February). Levelling up to stay safe: Young people's experiences navigating the joys and risks of online gaming. eSafety Research. https://esafety.gov.au

# ऑनलाइन सुरक्षित खेलें

amazon future engineer



आदिल को ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित फैसले लेने में मदद करें। हर फैसला एक अलग परिणाम की ओर ले जाएगा। चलिए आदिल को सुरक्षित रखते हैं!

आपको @getthecoins_123 से एक नई फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली है! उन्होंने एक मेसेज भेजा है जिसमें साथ में खेलने का बुलावा है। आदिल को क्या करना चाहिए?

रिक्वेस्ट स्वीकार करें और खेलना शुरू करें।

@getthecoins_123 को नजरअंदाज और रिपोर्ट करें।

यह जोखिम भरा हो सकता है! एक सुरक्षित विकल्प चुनें।

शानदार फैसला! नजरअंदाज करना और रिपोर्ट करना आदिल को अजनबियों की अनचाही नज़रों से बचाएगा, और वह सुरक्षित रुप से खेल पाएगा।

आदिल गेम्स खेलने लगता है। सभी खेल बहुत मज़ेदार और रोमांचक लगते हैं! लेकिन फिर एक मेसेज आता है:

मुफ्त गेम कॉइन्स पाएं!
बस अपनी लॉगिन जानकारी शेयर करें!

आदिल को क्या करना चाहिए?

सिक्के पाने के लिए लॉगिन जानकारी शेयर करें

मेसेज को नजरअंदाज करें और रिपोर्ट करें।

अरे नहीं! आदिल का अकाउंट हैक हो गया और उसने अपनी सारी प्रगति अकाउंट के साथ खो दी। चलिए, एक और विकल्प आज़माते हैं ताकि आदिल का अकाउंट सुरक्षित रहे!

बढ़िया निर्णय! जो ऑफ़र बहुत आकर्षक लगते हैं, वो अक्सर झूठे होते हैं! उनसे दूर रहकर आदिल धोखाधड़ी से बचाता है। वह बिना किसी चिंता के खेलता रहता है।

जैसे ही आदिल दुबारा खेल शुरू करता है, एक नया खिलाड़ी चैट में संपर्क करता है।

"हाय, तुम्हारी उम्र क्या है और तुम कौन से स्कूल जाते हो?"

आदिल को क्या करना चाहिए?

उन्हें जानकारी दें।

उन्हें बताएं कि यह व्यक्तिगत जानकारी आप नहीं बाँट सकते और खेल जारी रखें।

नजरअंदाज या रिपोर्ट करें।

यह सुरक्षित नहीं है! व्यक्तिगत जानकारी साझा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है, क्योंकि आपको नहीं पता कि सामने वाला व्यक्ति अच्छा है या बुरा। चलिए, एक सुरक्षित विकल्प आज़माते हैं!

बढ़िया! आदिल ने अपनी सुरक्षा की, ताकि वह बिना किसी चिंता के खेल सके!

# ऑनलाइन गेम्स में बुलिंग

## बुलिंग की पहचान करना और रिपोर्ट करना

ऑनलाइन गेम्स में, जब खिलाड़ी खराब मेसेज, धमकियाँ या धोखाधड़ी का इस्तेमाल करते हैं ताकि दूसरों को बुरा महसूस हो और उनका अनुभव खराब हो, उसे बुलिंग माना जाता है। यह गेम को असुरक्षित बना सकता है, लेकिन इसे पहचानना और रिपोर्ट करना सीखने से खेल को सभी के लिए एक अच्छा और मज़ेदार अनुभव बनाया जा सकता है।

### ऑनलाइन गेम्स में बुलिंग कैसे हो सकती है?

<u>अशिष्ट संदेश भेजना:</u> कोई आपको अपमानित कर सकते हैं, धमकी दे सकते हैं, या आपका मन खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

<u>अफवाहें फैलाना:</u> वे आपके बारे में झूठी बातें दूसरे खिलाड़ियों से कह सकते हैं।

<u>धोखा देना या खेल बिगाड़ना:</u> कुछ खिलाड़ी जानबूझकर चीट कर सकते हैं या आपको निशाना बनाकर, बार-बार आपका गेमिंग अनुभव खराब कर सकते हैं।

## बुलिंग के व्यवहार का सामना कैसे करें?



<u>शांत रहें:</u> गुस्से में जवाब न दें; ज़रूरत महसूस हो तो थोड़ा ब्रेक ले लें।

<u>ब्लॉक या म्यूट करें:</u> गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म आपको किसी अशिष्ट खिलाड़ी को म्यूट करने का विकल्प देते हैं।

<u>रिपोर्ट करें:</u> अगला सेक्शन रिपोर्टिंग के तरीकों के बारे में अधिक जानकारी देगा।






किसी विश्वसनीय बड़े से बात करें: अगर आप ऑनलाइन बुलिंग का सामना करते हैं या किसी और को करते हुए देखते हैं, तो मदद के लिए किसी विश्वसनीय वयस्क से बात करने से मत झिझकिए - जैसे माता-पिता, शिक्षक, या काउंसलर! उनसे बात करने से आप बेहतर महसूस कर सकते हैं और आपको ज़रूरी समर्थन मिल सकता है।

# बुलिंग रिपोर्ट करना




## गेम्स में रिपोर्टिंग के तरीके

रिपोर्टिंग के ज़रिए, आप एक सुरक्षित और सकारात्मक गेमिंग वातावरण बनाने में मदद करते हैं, जहाँ सभी को खेलने का आनंद मिल सके।

खिलाड़ी रिपोर्ट करें: यदि कोई व्यक्ति हानिकारक या अनुचित बातें कह रहा है, तो आप उसे रिपोर्ट कर सकते हैं। गेम मेनू या खिलाड़ी की प्रोफाइल में "रिपोर्ट" बटन का उपयोग करें।

खिलाड़ी को म्यूट या ब्लॉक करें: अगर कोई आपको परेशान कर रहा है, तो ज़्यादातर गेम्स में आप उसे म्यूट या ब्लॉक कर सकते हैं, जिससे वह आपको मेसेज नहीं भेज सकेगा या आपके गेम्स में शामिल नहीं हो सकेगा।


गेम सपोर्ट से संपर्क करें: यदि आपको लगता है कि स्थिति गंभीर है या आप खुद को खतरे में महसूस कर रहे हैं, तो तुरंत गेम के कस्टमर सपोर्ट से संपर्क करें। वे आपसे पूरी घटना का विवरण मांग सकते हैं, ताकि वे उचित सुरक्षा कदम उठा सकें। तो किसी भी प्रकार के संदेश या सामग्री को डिलीट न करें। इसके बजाय, बुलीइंग या नकारात्मक व्यवहार के स्क्रीनशॉट लेकर सपोर्ट टीम के साथ साझा करें, ताकि वे कार्रवाई कर सकें।




अगर आप या आपका कोई जानने वाला ऑनलाइन बुलिंग का शिकार हो, तो आप राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (cybercrime.gov.in) का उपयोग कर सकते हैं। आप तत्काल सहायता के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर कॉल भी कर सकते हैं।

यहां दो खिलाड़ियों के बीच एक गेम की स्क्रीनशॉट दी गई है। ध्यान दें कि प्रत्येक व्यक्ति कैसे संवाद कर रहा है। कल्पना करें कि आप इस स्थिति को गेम मॉडरेटर के पास रिपोर्ट कर रहे हैं। इस घटना को स्पष्ट रूप से समझाने के लिए निम्नलिखित सवालों का जवाब देते हुए रिपोर्ट लिखने का अभ्यास करें:

क्या यह ऑनलाइन बुलिंग है? बातचीत में कौन से संदेश आपत्तिजनक लगते हैं? आपको क्या लगता है, जो व्यक्ति ये संदेश प्राप्त कर रहा है, वह कैसा महसूस कर रहा होगा?



# सुरक्षित गेमिंग

amazon future engineer

## अपने  गेमिंग सेटअप की जांच करें!




**वे सभी बॉक्स जो आपके ऊपर लागू होते हैं, उन्हें चेक करें।**

- [ ] मेरा खाता निजी/प्राइवेट है।
- [ ] मैं केवल उन दोस्तों के साथ खेलता हूँ जिन्हें मैं असल ज़िंदगी में जानता हूँ।
- [ ] मैं अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे असली नाम या पता साझा नहीं करती हूँ।
- [ ] मुझे पता है कि जब कोई खिलाड़ी बुरा व्यवहार करता है, तो उसे रिपोर्ट कैसे करें।
- [ ] मैं अन्य खिलाड़ियों द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक नहीं करती हूँ।
- [ ] मैं अपना पासवर्ड निजी और सुरक्षित रखता हूँ।
- [ ] मैं नियमित तौर पर समाय-समय पर गेम से ब्रेक लेती हूँ।
- [ ] मैंने अपने माता-पिता/बड़ों के साथ गेमिंग के नियमों पर चर्चा की है।
- [ ] मुझे पता है कि मेरे गेम्स किस उम्र पर खेली जा सकती हैं, और उसकी कंटेंट चेतावनियां क्या हैं।
- [ ] मैं गेमिंग और अन्य गतिविधियों के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखता हूँ।

### आप कितने सुरक्षित हैं?




10-12 बॉक्स: आप एक गेमिंग सुरक्षा चैंपियन हैं।





7-9 बॉक्स: आप एक सुरक्षा समझदार खिलाड़ी हैं!

4-6 बॉक्स: आप सुरक्षा के बारे में सोचते हैं, लेकिन सुधार की गुंजाइश है!



4 से कम बॉक्स: अब गेमिंग के दौरान सुरक्षित रहने के लिए कुछ बदलाव लाने का समय है!

## अपना गेमिंग साथी के साथ में इस शपथ को ज़ोर से पढ़ें, ताकि आप सुरक्षा गेमिंग साथी बन सकें!

हम वादा करते हैं कि हम जिम्मेदारी से खेलेंगे।
हम वादा करते हैं कि हम अन्य खिलाड़ियों के प्रति दयालु और सम्मानजनक रहेंगे।
हम वादा करते हैं कि हम अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करेंगे और उसे गोपनीय रखेंगे।
हम वादा करते हैं कि हम गेम के नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।
हम वादा करते हैं कि हम गेम में किसी भी असुरक्षित व्यवहार को रिपोर्ट करेंगे।
हम वादा करते हैं कि हम गेमिंग की दुनिया को सभी के लिए एक सुरक्षित और सकारात्मक जगह बनाने के लिए अपना हिस्सा निभाएंगे!

**अब आप आधिकारिक सुरक्षा गेमिंग साथी बन गए हैं!**



# उत्तर

## ऑनलाइन सुरक्षित खेलें

आपको @getthecoins_123 से एक नई फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली है! उन्होंने एक मेसेज भेजा है जिसमें साथ में खेलने का बुलावा है। आदिल को क्या करना चाहिए?

@getthecoins_123 को नजरअंदाज और रिपोर्ट करें।

शानदार फैसला! नजरअंदाज करना और रिपोर्ट करना आदिल को अजनबियों की अनचाही नज़रों से बचाएगा, और वह सुरक्षित रुप से खेल पाएगा।

आदिल गेम्स खेलने लगता है। सभी खेल बहुत मज़ेदार और रोमांचक लगते हैं! लेकिन फिर एक मेसेज आता है:

मुफ्त गेम कॉइन्स पाएं!
बस अपनी लॉगिन जानकारी शेयर करें!

आदिल को क्या करना चाहिए?

संदेश को नजरअंदाज करें और रिपोर्ट करें।

उत्कृष्ट निर्णय! जो ऑफ़र बहुत आकर्षक लगते हैं, वो अक्सर झूठे होते हैं! उनसे दूर रहकर आदिल धोखाधड़ी से बचाता है। वह बिना किसी चिंता के खेलता रहता है।

जैसे ही आदिल दुबारा खेल शुरु करता है, एक नया खिलाड़ी चैट में संपर्क करता है।

"हाय, तुम्हारी उम्र क्या है और तुम कौन से स्कूल जाते हो?"

उन्हें बताएं कि यह व्यक्तिगत जानकारी आप नहीं बाँट सकते और खेल जारी रखें।

नजरअंदाज या रिपोर्ट करें।

बढ़िया! आदिल ने अपनी सुरक्षा की, ताकि वह बिना किसी चिंता के खेल सके!

## बुलिंग रिपोर्ट करना

क्या यह ऑनलाइन बुलिंग है? बातचीत में कौन से संदेश आपत्तिजनक लगते हैं?

हां, गोल निशानों को देखें।

यह व्यवहार बुलिंग कैसे है? आपको क्या लगता है, जो व्यक्ति ये संदेश प्राप्त कर रहा है, वह कैसा महसूस कर रहा होगा?

एक खिलाड़ी ने दूसरे को "बेवकूफ़" कहकर अपमानित किया। "तुम खराब खिलाड़ी हो" और "अब तुम खेल छोड़ दो।" कहकर दूसरे खिलाड़ी को नीचा दिखाने और उसे अस्वीकृत महसूस कराने के उद्देश्य से की गई थीं।

बेवकूफ, तुम इस गेम में कितने बुरे हो... तुम्हे खेलना भी आता है?!

मैं अभी सीख रहा हूँ, दूसरा गेम है...

तुम हमें हरा रहे हो... तुम्हे छोड़ देना चाहिए, वही बहतर होगा!

मैं कोशिश कर रहा हूँ, मुझे बस प्रैक्टिस की ज़रुरत है।

तुम कुछ आसान सा बच्चों वाला गेम क्यों नहीं खेल लेते हाहा

इतना क्यों सुना रहे हो मुझे...